कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.02.2025

//प्रतिवेदन//

कन्या महाविद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस एवं गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधान में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में बढ़ते कैंसर के मामले गंभीर चिंता का विषय है। बढ़ती उम्र, जीवनशैली में बदलाव, पर्यावरण प्रदूषण और तंबाकू के सेवन जैसे कई कारक इस प्रवृत्ति में योगदान करते है। विश्व कैंसर दिवस वैश्विक समुदाय को जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा में सुधार लाने तथा कैंसर के विरूद्ध लड़ाई में व्यक्तिगत, सामूहिक एवं सरकारी कार्यवाही को प्रेरित करता है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने इस दिवस का उद्देश्य सार्वजनिक स्वस्थ मुद्दे के रूप में कैंसर के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और गुणवत्तापूर्ण देखभाल, जांच, प्रारंभिक पहचान, उपचार और उपशामक देखभाल तक पहुँच में सुधार की दिशा में कार्यवाही को मजबूत करना है।

विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल एवं डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कु. तबस्सुम अली ने कैंसर से बचाव के आहार की महत्वपूर्ण भूमिका बताई।

इस अवसर पर युक्ति देशमुख, लुबना आलम, मनीषा धृतलहरे, महक परवीन, कुंती वर्मा, गीतांजली, रीतिक ने प्रेजेन्टेशन के द्वारा कैंसर के प्रकार, कारण, लक्षण, निवारण आदि की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. तोषिना तेलंग एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनामिका वस्त्रकार ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)